अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता के निर्देशन में दिनांक 15–11–2018 को राजनीति शास्त्र विभाग के अन्तर्गत शिक्षा में मानवीय मूल्यों का महत्व विषय पर अतिथि व्याख्यान करवाया गया। यह व्याख्यान श्री आनन्द सिंह वरिष्ठ प्रवक्ता हिन्दी विभाग उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चंदावली द्वारा दिया गया। उन्होंने कहा कि आज विश्व में मूल्य आधारित शिक्षा की भागीदारी कम होती जा रही है आज सभी ऊँची आय व नौकरी का मार्ग प्रशस्त करने वाली शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं जिसके कारण अविश्वास व बेईमानी बढ़ रही है नैतिक मूल्यों का पतन हो रहा है आज ज़रूरी है कि विद्यार्थियों को ऐसी शिक्षा दी जाये जो उन्हें विवेक पूर्ण व चरित्रवान बनाये, मानवता के गुणों का विकास करे तभी वे जीवन में सफल हो सकेंगें यह तभी संभव है जब उन्हें समाज परिवार व स्कूल कॉलेज में शिक्षा के साथ–साथ मानवीय मूल्यों महत्व भी बताया जाये। इस अवसर पर राजनीति शास्त्र की विभागाध्यक्षा श्रीमती रितु एवं डॉ. विनोद राठी उपस्थित थे।